तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026

12 संस्कृति को बचाकर रखना है, तभी अपने बच्चों ...


12 डोकरपाली में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय रामायण ...




## खबर संक्षेप

### जिला कार्यसमिति में मनमीत की नियुक्ति



**पिथौरा।** भारतीय जनता पार्टी महासमुंद जिला कार्यसमिति में मनमीत सिंह छाबड़ा (रिक्की) की सदस्य के रूप में नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष का माहौल है। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### शिवाजी महाराज की जयंती आज

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती 19 फरवरी को मनाई जाएगी। शिवाजी महाराज एक पराक्रमी योद्धा होने के साथ राष्ट्र भक्ति, कर्तव्य परायणता, धर्म संस्कृति के संवाहक थे। उन्होंने अपने संघर्षमयी जीवन में देश और धर्म की रक्षा के लिए मुगल शासकों से लड़ाईयां लड़ी। शिवाजी ने अपने शासनकाल में गरीबों, वंचितों और महिलाओं के कल्याण के लिए कार्य किया। अपने शासनकाल में समभाव का वातावरण तैयार किया। उनकी जीवन शैली, चरित्र व उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक है।

## आक्रोश : कांग्रेसियों कलेक्टोरेट का घेराव कर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ किया जमकर प्रदर्शन

# मनरेगा को कमजोर करने के खिलाफ कांग्रेस ने घेरा कलेक्टोरेट, प्रदर्शन में मजदूर भी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को कमजोर व खत्म करने की साजिश का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने "मनरेगा बचाओ संग्राम" के तहत बुधवार को कलेक्टोरेट का घेराव करते हुए उग्र प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव की अगुवाई में कलेक्टोरेट का घेराव कर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि उक्त प्रदर्शन में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय जांगिड़, मनरेगा बचाओ संग्राम के प्रभारी व खरसिया विधायक उमेश पटेल विशेष तौर पर मौजूद रहे। खास बात यह रही कि कांग्रेसियों के साथ मनरेगा में कार्यरत मजदूर भी कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल रहे।

कांग्रेस भवन में सभा के बाद "मनरेगा बचाओ संग्राम" के तहत रैली कलेक्टोरेट के लिए रवाना हुई। मजदूरों के हित में





### नाम बदलकर किया जा रहा ग्रामीणों को भ्रमित

विजय जांगिड ने आरोप लगाया कि योजना का नाम बदलकर जनता को भ्रमित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सौ दिन रोजगार की गारंटी दी थी, जिसे अब स्कीम में बदल दिया गया है। वहीं उमेश पटेल ने कहा कि मनरेगा कानून में किए गए बदलाव योजना को समाप्त करने की साजिश हैं और यह गरीबों व मजदूरों पर कुठाराघात है।

आक्रोशित कांग्रेसियों की यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कलेक्टोरेट पहुंची। कांग्रेसियों के घेराव को रोकने प्रशासन और पुलिस द्वारा दो जगह बेरिकेटिंग की गई थी जिसमें से कांग्रेसयों के उग्र प्रदर्शन के चलते पहला बेरिकेट पूरी तरह ध्वस्त हो गया। यहां पहले बैरिकेड पर पुलिस और कांग्रेसियों के बीच तीखी झूमाझटकी हुई। धक्का-मुक्की के दौरान कुछ पुलिस जवान गिर पड़े, वहीं कुछ कांग्रेसियों के कपड़े भी झूमा झटकी के दौरान फट गए। प्रदर्शनकारियों ने दूसरे बैरिकेड के पास कुछ देर नारेबाजी की और कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।।

कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए भाजपा सरकार पर मनरेगा को खत्म करने का आरोप लगाया और कहा कि यह योजना ग्रामीण गरीबों और मजदूरों के लिए जीवनरेखा है। "मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। अगर इसे कमजोर किया गया तो लाखों मजदूरों के सामने रोज़गार का संकट खड़ा हो जाएगा। हम इसकी कटौती और कथित बंद करने की साजिश का पुरजोर विरोध करते हैं।₹ कांग्रेस का आरोप है कि केंद्र द्वारा मनरेगा को कमजोर करते हुए इसे पूरी तरह खत्म करने की साजिश की जा रही है। और प्रदेश सरकार इस मंसूबे से शामिल है।





### उदासीनता से योजना प्रभावितः द्वारिकाधीश

कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीव ने कहा कि कांग्रेस केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने और इसे एक्ट बनाए जाने के विरोध में आंदोलन किया। ब्लॉक स्तर पर घेराव और प्रदर्शन पश्चात कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के जरिए गांवों में रोजगार सृजन होता है, लेकिन सरकार की उदासीनता से योजना प्रभावित हो रही है।

### अलर्ट रहा प्रशासन

कांग्रेस की तैयारियों और उग्र प्रदर्शन की चेतावनी की तहत प्रशासन पहले से अलर्ट रहा। सुरक्षा और अप्रिय स्थिति की संभावना को देखते हुए प्रशासन द्वारा दो स्थानों पर बेरिकेटिंग की गई। लेकिन, उग्र प्रदर्शनकारियों ने पहला बेरिकेट तोड़ डाला। जिले के चारों एसडीओपी, सभी थाना प्रभारी सहित लगभग 230 जवान तैनात किए गए थे।

## महामाया तालाब का होगा सौंदर्यीकरण नपाध्यक्ष निखिलकांत ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर की कुलदेवी महामाया तालाब का सौंदर्यीकरण शीघ्र किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने उपअभियंता हेमंत पिसदा एवं साधना अहिरवार के साथ तालाब का निरीक्षण कर शीघ्र प्रोजेक्ट इस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि महामाया तालाब से नगरवासियों की आस्था जुड़ी है। महामाया मंदिर का सौंदर्यीकरण व सुरक्षा की दिशा में कार्ययोजना बनाकर शीघ्र काम शुरू कराया जाएगा। ताकि, माता के दर्शन करने मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं व नगर जनों को बेहतर वातावरण मिल सके। नगरजनों की आस्था भक्ति का सम्मान करते हुए पालिका द्वारा यह कार्य कराया जाएगा।

## होली पर शांति व्यवस्था के लिए जिले में शुष्क दिवस घोषित करने की गई मांग


**महासमुंद।** आगामी होली पर्व के अवसर पर जिले में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस वर्ष भी शराब दुकानों को पूर्णतः बंद रखने की मांग उठ रही है। जिले के मदिरा दुकानों में कार्यरत मुख्य विक्रेताओं और मल्टी-वर्कर कर्मचारियों ने प्रशासन से 3 एवं 4 मार्च (होली) को शुष्क दिवस घोषित करने का लिखित निवेदन किया है। कर्मचारियों ने अपने पत्र में हाल ही में हुई एक गंभीर घटना का विशेष उल्लेख किया है। उन्होंने बताया कि सितलीनाला महासमुंद स्थित देशी मदिरा दुकान के पास कुछ समय पहले एक युवक की हत्या हो गई थी। इस हिंसक घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव और भय का माहौल है। मदिरा दुकानों के आसपास असामाजिक तत्वों की बढ़ती भीड़ और विवादों के कारण मारपीट और दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है। कर्मचारियों का मानना है कि यदि प्रशासन समय रहते शुष्क दिवस का आदेश जारी करता है, तो पुलिस और प्रशासन को व्यवस्था संभालने में आसानी होगी और आम नागरिक बिना किसी डर के त्योहार मना सकेंगे। आवेदन में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में होली के अवसर पर प्रतिवर्ष शुष्क दिवस घोषित करने की परंपरा रही है, जिससे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलती है। होली एक संवेदनशील त्योहार है, जिसमें शराब के सेवन से विवाद और हिंसक झड़पें होने की संभावना बढ़ जाती है। यदि इस दिन शराब की बिक्री जारी रहती है, तो सितलीनाला जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति हो सकती है।

### प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा

जिले के समस्त मदिरा दुकान कर्मियों ने सामूहिक रूप से जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से अपील की है कि जनहित और सुरक्षा को देखते हुए होली पर जिले की सभी शासकीय शराब दुकानें अनिवार्य रूप से बंद रखी जाएं। असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त आदेश जारी किए जाएं। सामाजिक सौहार्द और शांति बनाए रखने के लिए मदिरा विक्रय पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया जाए।

## कर्मचारी कॉलोनी में सूने मकान से 30 लाख के सोने-चांदी सहित नगदी चोरी, मशीन से काटा ताला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद/पिथौरा (ग्रामीण)

नगर से सटे लहरौद स्थित कर्मचारी कॉलोनी में मंगलवार-बुधवार की मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लगभग 30 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पार कर दी। घटना की जानकारी बुधवार शाम को हुई, जब परिवार के सदस्य घर लौटे।

मिली जानकारी अनुसार कर्मचारी कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक चंद्रशेखर नायक अपनी पत्नी के साथ तीर्थधाम के लिए गुजरात गए हुए थे। उनकी पुत्री प्रेमलता नायक खाटूश्याम दर्शन के लिए गई थीं, जबकि पुत्र राकेश नायक और बहू अंजू नायक किसी कार्यवश रायपुर गए थे और रात्रि में वहीं रुकना पड़ा। घर में रहने वाली किरायेदार भी उस दिन बाहर थे। सूने मकान का फायदा उठाकर चोरों ने मुख्य द्वार पर लगे बड़े ताले को ग्लेंडर मशीन से काट दिया।

घर के भीतर घुसकर चोरों ने आलमारी तोड़ दी और लगभग 10 तोला सोने के जेवरात, 150 तोला चांदी के आभूषण तथा 1 लाख रुपए से अधिक नगदी पार कर फरार हो गए। सोने-चांदी के आभूषणों एवं नगदी को मिलाकर करीब 30 लाख रुपए की चोरी होने की आशंका परिवारजनों द्वारा जताई जा रही है। जब परिवार के सदस्य लौटे तो मुख्य द्वार का टूटा ताला देखकर दंग रह गए। अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और आलमारी क्षतिग्रस्त मिली। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

- मामले की गंभीरता से की जा रही है जांच, आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

गौरतलब है कि कर्मचारी कॉलोनी क्षेत्र में पूर्व में भी चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। कुछ महीने पूर्व पास ही स्थित व्यवसायी चित्ररंजन चौधरी की कार से करीब 10 लाख रुपए की चोरी का मामला भी सामने आया था, जिसका सुराग अब तक पुलिस नहीं लगा पाई है। बार-बार हो रही इन वारदातों से कॉलोनीवासियों में भारी आक्रोश और दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की रात्रि गश्त न के बराबर है, जिसका फायदा शातिर चोर उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित जांच की आवश्यकता है। रहवासियों ने बताया कि कॉलोनी में कई मकान ऐसे हैं, जहां परिवारजन अक्सर बाहर जाते रहते हैं, जिसका फायदा उठाकर चोर गिरोह सक्रिय हो रहे हैं। लगातार हो रही वारदातों से क्षेत्रवासियों में दहशत और आक्रोश व्याप्त है।

इस संबंध में थाना प्रभारी पिथौरा सिद्धार्थ मिश्रा का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। हम आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# लक्ष्य पूर्ण होने के बाद भी निरंतरता बनाए रखें : प्रभारी सचिव

## आकांक्षी विकासखंड एवं संपूर्णता अभियान 2.0 की समीक्षा बैठक, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास सहित अन्य संकेतांक की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महानिदेशक नीति आयोग नई दिल्ली एवं जिले की प्रभारी सचिव निधि छिब्बर बुधवार को आकांक्षी विकासखंड पिथौरा के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने आकांक्षी विकासखंड पिथौरा में विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की विभागीय समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने पिथौरा विकासखंड अंतर्गत संचालित आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रमों के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, कौशल विकास, महिला एवं बाल विकास, स्वच्छता तथा आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली।

छिब्बर ने कहा कि हमें केवल संकेतांकों के लक्ष्य को पूर्ण करने में ही ध्यान देने के बजाय उनसे आगे की सोच और एक निरंतर चलने वाली गतिविधि के रूप में अपनाना होगा। उनके गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन और निरंतरता को बनाए रखना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए निरंतर समीक्षा होनी चाहिए। जिले में दूध उत्पादन और डेयरी उद्योग में बहुत संभावनाएं हैं। पशुपालन विभाग को इस पर कार्य करने के निर्देश दिए। इसी तरह बैठक के दौरान छिब्बर ने कहा कि महिलाओं को आजीविका संबंधी गतिविधि के लिए पर्याप्त स्थान देने के लिए तथा बैंक लिंकेज से जोड़े। इसके अलावा सतत विकास लक्ष्य के संकेतांकों को भी ध्यान रखते हुए कार्य किए जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, नीति आयोग के अपर सचिव सतीश गोस्वामी, संबंधित विभाग के अधिकारी एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा योजनाओं की अद्यतन प्रगति, उपलब्धियों की जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि जिले में संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत 31 दिसंबर 2025 तक की स्थिति के अनुसार अधिकांश लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया गया है तथा निर्धारित लक्ष्य हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिसमें जन्म के समय जीवित शिशुओं के वजन मापन का



प्रतिशत 100 प्रतिशत दर्ज किया गया है। कुल 12, 318 नवजात शिशुओं का वजन मापा गया है। फरवरी, मार्च एवं अप्रैल 2026 तक भी इस लक्ष्य को 100 बनाए रखने का लक्ष्य रखा गया है। इसी तरह क्षय रोग के मामलों की अधिसूचना दर 81 प्रतिशत से बढ़कर 100 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में 1, 200 अनुमानित मामलों में से 973 मामलों की पहचान हो चुकी है। आने वाले महीनों में शत-प्रतिशत अधिसूचना का लक्ष्य रखा गया है। इसी तरह ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस के आयोजन में भी निरंतर प्रगति हुई है। दिसंबर 2025 तक 96.09 प्रतिशत आंगनवाड़ी केंद्रों में आयोजन हुआ, जिसे अप्रैल 2026 तक 100 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य है। वर्तमान में 1, 793 आंगनवाड़ी केंद्रों में से 1, 723 केंद्रों में यह गतिविधि संचालित हो चुकी है। वहीं जिले के सभी 1, 956 विद्यालयों में बालिकाओं के लिए क्रियाशील शौचालय उपलब्ध हैं। इस सूचकांक में जिले ने पहले ही 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। वहीं पशुपालन क्षेत्र में भी जिले ने बेहतर प्रदर्शन किया है। वर्तमान में 99.61 प्रतिशत पशुओं का टीकाकरण हो चुका है। कुल 1, 91, 341 पशुओं में से 1, 90, 606 का टीकाकरण किया जा चुका है। अप्रैल 2026 तक इसे 100 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही जिले के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अंतर्गत पिथौरा विकासखंड में संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक विभिन्न प्रमुख सूचकांकों पर शत प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है।

आकांक्षी विकासखंड पिथौरा में 31 दिसंबर 2025 तक आईसीडीएस योजना के तहत 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को नियमित अनुपूरक पोषण देने में 86.77 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। वर्तमान में 13, 107 बच्चों को 21 दिनों से अधिक समय तक पोषण आहार दिया गया, कुल पात्र बच्चों की संख्या 16, 800 है। मार्च 2026 तक इसे 95 प्रतिशत और अप्रैल 2026 तक 100 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की माप-तौल (वजन व ऊंचाई) की दक्षता 99.86 प्रतिशत रहा है। कुल 13, 810 पंजीकृत बच्चों में से लगभग सभी का नियमित मापन किया गया है। आगामी महीनों में इसे पूर्ण 100 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी तरह ब्लॉक के 358 संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में से 356 में शौचालय की सुविधा उपलब्ध है, जो कि 98.44 प्रतिशत है। ▶▶|शेष पेज 10 पर

### जिले में राशन वितरण सुचारू से जारी

**महासमुंद।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के वर्तमान स्थिति के संबंध में खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि जिला महासमुंद में कुल 593 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मिलाकर 455 दुकानों (76 प्रतिशत) में राशन वितरण का कार्य सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने बताया कि जिन दुकानों में वितरण प्रारंभ हो चुका है, वहां फरवरी एवं मार्च 2026 माह का खाद्यान्न पात्र हितग्राहियों के राशन कार्ड में ई-पॉस मशीन के माध्यम से प्रदर्शित हो रहा है। 18 फरवरी 2026 की स्थिति में जिले के 99, 908 राशनकार्डों में से लगभग 28.29 प्रतिशत हितग्राहियों को खाद्यान्न का वितरण किया जा चुका है। इसी तरह जिले की 593 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में से 468 दुकानों में नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा खाद्यान्न का भंडारण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पूर्व में जिले में 12 ऑफलाइन उचित मूल्य दुकानें संचालित थीं। सर्विस प्रोवाइडर एवं कोऑर्डिनेटर द्वारा नेटवर्क परीक्षण के उपरांत विकासखंड पिथौरा की एक दुकान में नेटवर्क सुविधा उपलब्ध होने पर उसे ऑनलाइन कर दिया गया है। वर्तमान में जिले में कुल 11 दुकानें ऑफलाइन संचालित हैं।

**खबर संक्षेप**

## आंगनबाड़ी वजन त्योहार में शामिल हुईं पार्षद कुरैशी

**महासमुंद।** शहर के नयापारा वार्ड क्रमांक 8 आंगनवाड़ी में वजन त्योहार मनाया गया। पार्षद जरीना हफिज कुरैशी ने बताया कि विष्णुदेव सरकार कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर जागरुक है। प्रदेश के बच्चे स्वस्थ रहें, इसे लेकर छत्तीसगढ़ सरकार काम कर रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों की माध्यम से अभियान चलाकर कुपोषण को भगाने में सरकार कामयाब हो रही है। इस दौरान प्रमुख रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा साहू वार्डवासी उपस्थित थे।



## झेरिया यादव समाज का सामूहिक विवाह 22 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव का प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन और आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम 22 फरवरी को राजधानी के महादेवघाट रायपुरा स्थित सामाजिक भवन में आयोजित है। यह कार्यक्रम महानगर इकाई एवं जिला तथा महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में होगा। समाज के प्रदेश सचिव एवं शहर जिला अध्यक्ष सुन्दर लाल यादव ने पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रातः 11 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। पत्रकार वार्ता में समाज के संरक्षक घुरऊराम यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शत्रुधन यादव, कार्यकारी अध्यक्ष प्रीतम यादव,मीडिया प्रभारी शशिकांत यादव उपस्थित थे।

## बृजमोहन ने साईंनगर में समिति भवन विस्तार का किया लोकार्पण



**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने सांसद निधि से निर्मित साईंनगर जोरा में समिति भवन विस्तार का लोकार्पण किया। श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के प्रभारी अध्यक्ष छगनलाल साहू एवं सचिव संतोष शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि साईंनगर जोरा में पहले पूर्व सांसद सुनील सोनी द्वारा समिति भवन विस्तार के लिए सांसद निधि से ऊपर स्ट्रक्चर खड़ा कराया गया। और उसके बाद वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल की सांसद निधि से समिति भवन के ऊपर निर्मित बड़े हॉल का फिनिशिंग कार्य कराया गया, जिसका लोकार्पण भी उनके ही द्वारा किया गया।





# श्रीकृष्ण व श्रीराम जन्म कथा में झूमे श्रोता

## बेमचा के गुलाब बाड़ा में आयोजित भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालुजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अत्याचारी व्यक्ति कितनी भी शक्तिशाली हो, उसका विनाश निश्चित होता है। भगवान किसी न किसी रूप में आकर उसके पापों का अंत करते हैं। मनुष्य को जीवन में सदैव भगवान पर विश्वास करते हुए धैर्य रखना चाहिए। वासुदेव व देवकी ने कारागार में कंस के अत्याचार सहते हुए धैर्यपूर्वक समस्त कष्टों को सहकर प्रभु पर आस्था रखकर जीवन व्यतीत किया। वासुदेव जानते थे, कि कंस के अत्याचार का अंत भगवान उनके पुत्र के रूप में आकर करेंगे। यह समस्त मानव जाति के लिए एक प्रेरक संदेश है कि अत्याचारी के पाप का घड़ा एक न एक दिन भरता है, और उसके पापों का दमन करने स्वयं भगवान अवतरित होते हैं। अतः जीवन में कर्मपथ पर अडिग रहकर धैर्य रखना चाहिए।

उक्त प्रेरक विचार आज भगवताचार्य दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर स्वामी राजीव लोचन महाराज ने गुलाब बाड़ा बेमचा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मकथा व श्रीराम कथा श्रवण कराते हुए कही। कथा के पांचवें दिन भगवताचार्य स्वामी राजीव लोचन दास ने श्रीकृष्ण व भगवान श्रीराम जन्म कथा वृतांत बताते हुए कहा कि राजा दशरथ व वासुदेव के जन्मों जन्म के पुण्य कर्मों का लाभ जगत के पालन हार को पुत्र रूप में प्राप्त कर मिला। उन्होंने कहा कि भगवान को केवल भाव चाहिए। चाहे उनका प्रेस से स्मरण करो या शत्रुता से उनका नाम लो। रावण और कंस के हृदय में दिन-रात भगवान वास करते थे। रावण और कंस उन्हें एक क्षण भी नहीं भूल पाते थे, वे दोनों भगवान श्रीहरि नारायण विष्णु को शत्रु मानते थे। इसलिए वे भयभीत रहते थे कि पता नहीं किस रूप में हरि नारायण उनके सम्मुख आएंगे। इस व्याकुलता में प्रभु उनके हृदय में हर क्षण निवास करते थे। प्रभु ने कंस को श्रीकृष्ण के रूप में और रावण को श्रीराम के रूप में अवतरित होकर उन्हें मुक्ति प्रदान किया। भगवान ने उन्हें अपना धाम प्रदान कर उनके लिए मोक्ष का द्वार खोल दिया। बड़े-बड़े तपस्वियों, ऋषि मुनियों को जो सौभाग्य प्राप्त नहीं होता वह रावण और कंस को भगवान के परमधाम के रूप में प्राप्त हुआ। कथा के दौरान भक्तिमय भजनों से श्रोता थिरकते नजर आए।

कथा श्रवण करने विधायक मोती लाल साहू, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू, दिनेश चंद्राकर अध्यक्ष छग चंद्रनाहू कर्मी समाज, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, प्रदेश भाजपा मंत्री चौरसिया सहित दाऊ स्व. गुलाब चंद्राकर परिवार के आयोजक द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, जानकी चंद्राकर, रमा चंद्राकर, संगीता राहुल चंद्राकर, निधि हर्ष चंद्राकर, आकांक्षा अनमोल चंद्राकर सहित ग्राम आसपास के ग्रामों व महासमुंद के श्रोतागण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कोकड़ी स्कूल का भ्रमण करने पहुंचा स्काउट-गाइड का दल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आशी बाई गोलछा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य जीआर सिन्हा एवं प्रधान पाठक जीआर साहू के निर्देशन में गाइड प्रभारी लता वैष्णव के नेतृत्व में स्काउट गाइड दल ने अभिभावक विद्यालय शासकीय प्राथमिक शाला कोकड़ी पटेवा का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए पहुंचे। भ्रमण के लिए विद्यालय के प्रधान पाठक गेंदलाल पटेल 'कोकड़िया' स्वयं अपने वाहन से बच्चों को महासमुंद से तेंदूवाही स्थित मानवीय शिक्षा शोध केंद्र ले गए और वहां जीवन विद्या एवं चेतना विकास मूल्य शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए अखंड समाज सार्वभौम व्यवस्था के संबंध में बताते हुए मानव जाति एक, मानव धर्म एक, मानव समाज एक, मानव मूल्य एक, मानव लक्ष्य एक, हमारी पूरी धरती एक की परिकल्पना को बताए। तत्पश्चात अपने विद्यालय ले गए और वहां अपने छात्र-छात्राओं से परिचय पश्चात सभी स्काऊट गाइड्स को स्वावलंबन, समय का सदुपयोग, मानव शरीर, आहार, स्वास्थ्य, परिवार, योग शिक्षा, मानवीय चरित्र के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जीवन विद्या का उद्देश्य लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना तथा समाज प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ना है। इसी उद्देश्य के तहत उन्होंने सभी स्काउट गाइड को औषधीय पौधों के नर्सरी का भी भ्रमण करवाया गया। दोपहर भोजन पश्चात विद्यालयीन बच्चों के साथ 2 घंटे का कार्यशाला लगाकर एक दूसरे से अनुभव साझा किए और शाम 5 बजे सभी को पुनः स्व वाहन से महासमुंद पहुंचाया। इस शैक्षणिक भ्रमण सहकार्यशाला में शाला के 11 स्काउट गाइड व गाइडर लता वैष्णव ने भाग लिया। इस सोद्देश्यपूर्ण भ्रमण से बच्चों ने मानव चेतना को जागृत कर समाज में सामंजस्य स्थापित करते हुए स्वंय को समझकर बेहतर जीवन जीने की दिशा के बारे में जानकारी प्राप्त किए। इसके लिए संस्था की ओर से गाइडर लता वैष्णव ने गैंदलाल कोकड़िया एवं अभिभावक विद्यालय कोकड़ी का आभार व्यक्त किया।

## रायपुर मंडल के अंतर्गत संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की बैठक

# सांसदों की दो टूक- रेलवे अधिकारी सिर्फ नोट न करें, प्रस्ताव बनाकर भेजें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की बैठक मंगलवार को डीआएम ऑफिस में हुई। इस दौरान सांसदों ने यात्रियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर आधिकारियों से चर्चा की। अक्सर सांसदों की शिकायत रहती है कि उनकी मांग को केवल नोट कर लिया जाता है, प्रस्ताव बनाकर आगे नहीं भेजा जाता, जिसे लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि हम सांसदों ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सांसद जिस बात को कहते हैं, उसके प्रस्ताव बनाकर आपको उच्च कार्यालय में भेजना है। केवल यहीं नोट कर ऐसा जवाब देना बंद करना चाहिए कि ये काम इस वजह से नहीं हो रहा है।

हमने कहा है कि आप प्रस्ताव भेजें। हम शासन व बोर्ड के स्तर पर जो बातचीत करनी होगी, हम करेंगे। बैठक में जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के साथ ही मंडल रेल प्रबंधक रायपुर दयानंद, बिलासपुर मुख्यालय के प्रधान विभाग अध्यक्ष और रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, बस्तर सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग और महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी भी मौजूद थीं।





### छोटे रेलवे स्टेशन पर भी स्टॉपेज

दुर्ग से रायपुर होते हुए अंबिकापुर के लिए एक नई वंदे भारत ट्रेन चलाई जाने का प्रस्ताव इस बैठक में रखा गया है। कोरोना काल के समय जिन ट्रेनों का स्टॉपेज बंद कर दिया गया था। कुछ जगहों पर स्टॉपेज है लेकिन कई जगहों पर अभी भी ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं है उन सभी जगह पर ट्रेन का स्टॉपेज दिया जाए। एक्सप्रेस ट्रेनों को भाटापारा के साथ ही छोटे रेलवे स्टेशन पर भी स्टॉपेज दिया जाना चाहिए। इस बात को लेकर भी चर्चा हुई है। रायपुर शहर के मंडी गेट के पास भी एक अंडर पास बनाए जाने की चर्चा इस बैठक में हुई है।जोरा और पिरदा में अंडरपास बनाए जाने से रायपुर के ट्रैफिक दबाव में कमी आएगी।

### *दिसंबर 2027 तक दुर्ग और रायपुर रेलवे स्टेशन का काम होगा पूरा*

*रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि दिसंबर 2027 तक दुर्ग और रायपुर रेलवे स्टेशन का काम पूरा कर लिया जाएगा. इसके साथ ही रायपुर शहर में कचना में अंडर ब्रिज बनाने, महासमुंद रोड पर जोरा में अंडर ब्रिज बनाने के बारे में बातचीत हुई है। मंदिर हसौद के रेलवे ट्रैक के ऊपर ओवर ब्रिज बनाने को लेकर भी इस बैठक में चर्चा हुई है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि इस बैठक में मांग रखी गई है कि राजधानी एक्सप्रेस को सातों दिन चलाया जाए। इसके साथ ही इस बैठक में रायपुर से दिल्ली के लिए स्लीपर कोच वाली वंदे भारत ट्रेन चलाए जाने का प्रस्ताव रखा है। बिलासपुर रायपुर से जगन्नाथपुरी के लिए एक नई वंदे भारत ट्रेन चलाने का भी प्रस्ताव रेलवे अधिकारियों के समक्ष रखा है, जो ट्रेनें रायपुर से होकर जोधपुर और जयपुर जाती है वो सप्ताह में एक से दो दिन होती है, उसे भी सप्ताह में सातों दिन चलाए जाने का प्रस्ताव इस बैठक में रखा गया है।*

**जलसंकट का समाधान नहीं किया तो वार्डवसियों के साथ जोन कार्यालय का घेराव**

# पानी की समस्या को लेकर भाजपा पार्षद ने निगम को दिया 3 दिन का अल्टीमेटम

*नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड की पार्षद पुष्पा-रोहित साहू ने वार्ड में लो प्रेशर की समस्या का मांगा समाधान*




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के जोन 9 क्षेत्र स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड के रहवासी नलों में लो प्रेशर की समस्या से बेहद परेशान हैं। शिकायत के बाद भी जोन के अधिकारियों द्वारा समस्या का समाधान नहीं किए जाने से नाराज भाजपा पार्षद पुष्पा-रोहित साहू ने जोन 9 कमिश्नर को पत्र लिखकर 3 दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि इस अवधि में जल संकट का समाधान नही किया गया, तो वे वार्डवासियों के साथ जोन दफ्तर का घेराव करेंगी।

दरअसल, पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल के समय जल संकट को लेकर सदन में हंगामा करने वाले भाजपाई अब सूबे में अपनी पार्टी की सरकार और नगर निगम की सत्ता में भाजपा की मेयर बनने के बाद भी पेयजल संकट से शहरवासी को निजात नहीं दिला पाए। नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड में पूर्व महापौर एजाज ढेबर के कार्यकाल में सामान्य सभा के दौरान पूर्व पार्षद रोहित साहू ने अपने वार्ड में पेयजल की समस्या और नई पानी टंकी का मामला जोर-शोर से उठाया। तब तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने तत्कालीन कांग्रेसी मेयर पर सवालों की झड़ी लगाकर शहर के पेयजल संकट की समस्या सुलझाने में नाकाम रहने का आरोप लगाते हुए सवाल उठाए। अब नगर निगम की भाजपा की महापौर होने के बाद भी नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड पानी की समस्या से निजात नहीं पा सका है। वार्ड पार्षद पुष्पा-रोहित साहू का कहना है, वार्ड के गायत्री नगर, वृंदावन कालोनी, नीलांचल विहार सेल टैक्स कालोनी में पानी की किल्लत बनी हुई है। इन क्षेत्रों में लो प्रेशर के कारण रहवासी बेहद परेशान हैं। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, महापौर मीनल चौबे, जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर सहित जल बोर्ड के अधिकारियों को भी उन्होंने वार्ड में पानी की समस्या से अवगत कराया है। इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पुष्पा रोहित साहू का कहना है कि गुरुवार तक लो प्रेशर की समस्या नहीं सुलझाई गई, तो वे शुक्रवार को वार्डवासियों के साथ जोन कार्यालय का घेराव करेंगी। वार्ड पार्षद ने जोन कमिश्नर को लिखे पत्र में कहा है कि उनके वार्ड में अवंतिविहार पानी टंकी से वार्ड को पानी की आपूर्ति होती है।

कई महीनों से वार्ड में जल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। जल विभाग से संबंधित अधिकारियों को भी इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन जल विभाग के अधिकारी लापरवाहीपूर्वक कार्य कर रहे हैं। यही नहीं पानी की समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा है। यदि 3 दिन में समस्या का समाधन नहीं हुआ, तो वार्डवासियों के साथ जोन का घेराव करना पड़ेगा, जिसके जिम्मेदार स्वयं आप होंगे।


# 73 दुकानों के अवैध शेड ढहाए सड़क पर रखा सामान जब्त 12 हजार का ई-चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई

नगर निगम का तोड़ूदस्ता शहर में एक बार फिर गरजा। टीम प्रहरी अभियान के तहत 73 दुकानों के सामने सड़क पर बने अवैध शेड को तोड़ूदस्ता ने ढहा दिया। इस दौरान सड़क या ता या त बाधित कर सड़क पर रखे सामान जब्त किए गए। कब्जाधारी दुकानदारों पर 12 हजार रुपए का ई चालान काटा गया।

राजधानी में नगर निगम और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को संतोषीनगर मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए 73 दुकानों के सामने सड़क पर बने अवैध शेड को जेसीबी मशीन से तोड़ गिराया। अभियान के दौरान दुकानदारों को पहले सड़क पर कब्जा न करने समझाइश दी गई। चेतावनी के बावजूद सड़क पर अतिक्रमण पाए जाने पर सख्ती दिखाते हुए अवैध



रूप से बनाए गए शेड तोड़े गए और ठेले जब्त किए गए। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला, जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार के आदेश पर निगम जोन 6 और जोन 10 क्षेत्र में निगम आयुक्त विश्वदीप और यातायात एसपी अजय कुमार की मौजूदगी में जेसीबी चलाकर अतिक्रमण हटाया गया।

टीम एएसपी यातायात विवेक शुक्ला, अपर आयुक्त नगर निवेश पंकज शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, कार्यपालन अभियंता आशुतोष सिंह, जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव, जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे सहित निगम व यातायात विभाग का अमला मौजूद रहा।

## आईसीएआर-एनआईबीएसएम के शीतकालीन प्रशिक्षण का समापन




**रायपुर।** आईसीएआर-राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान रायपुर में 27 जनवरी से 16 फरवरी तक आयोजित 21 दिवसीय शीतकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम "राष्ट्रीय महत्व के कीटों एवं रोगजनकों के प्रबंधन हेतु उभरते जैव-प्रौद्योगिकी एवं बायोरैशनल हस्तक्षेप" का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित था।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार, अध्यक्ष, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी), कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेअर), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में अनुसंधान को मिशन मोड में संचालित करने तथा प्रतिक्रियात्मक पादप संरक्षण से पूर्वानुमान आधारित पादप स्वास्थ्य प्रबंधन की ओर अग्रसर होने पर बल दिया। उन्होंने बढ़ते आक्रामक एवं सीमापार जैविक खतरों को राष्ट्रीय जैव-सुरक्षा से जोड़ते हुए कीट जोखिम प्रबंधन को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण विषय बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निदेशक डॉ. पीके राय ने रासायनिक आधारित पादप संरक्षण से जैविक एवं सतत दृष्टिकोण की ओर परिवर्तन की आवश्यकता पर बल दिया।

## प्रशासन का जताया आभार, पूर्ण सहयोग का दिया आश्वासन

# मालवीय रोड, जीई रोड, केके रोड नो वेंडिंग-नो पार्किंग जोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के व्यस्ततम व्यापारिक क्षेत्रों में शामिल मालवीय रोड, जीई रोड और केके रोड को व्यवस्थित करने की छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की मुहिम रंग लाई है।

चैंबर की पहल रायपुर पुलिस प्रशासन ने मालवीय रोड को नो वेंडिंग, नो पार्किंग जोन घोषित कर किया है। यह निर्णय चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चलाए जा रहे सतत प्रयासों का परिणाम बताया जा रहा है। 28 जनवरी को चैंबर भवन में सतीश थौरानी की अध्यक्षता में नगर निगम, पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी। इसमें मालवीय रोड, जीई रोड और केके रोड की ट्रैफिक अवयवस्था, फुटपाथों पर बढ़ते अतिक्रमण और अवैध वेंडिंग की समस्या को



**खास**

- चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी की अध्यक्षता में 28 जनवरी को नगर निगम प्रशासन और पुलिस अधिकारियों हुई थी बैठक
- फुटपाथ पर अतिक्रमण और अवैध वेंडिंग जोन का जोर-शोर से उठा मुद्दा

प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में श्री थौरानी ने प्रशासन से स्पष्ट मांग की थी कि फुटपाथों से अवैध कब्जा हटाया जाए और बाजार को सुव्यवस्थित करने के लिए इसे नो वेंडर जोन घोषित किया जाए। मालवीय रोड, शारदा चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष और चैंबर के अनुशासन समिति के सदस्य तरल मोदी और संघ के महामंत्री तथा छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने एक औपचारिक पत्र के माध्यम से चैंबर को आवेदन देकर मालवीय रोड की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था और फुटपाथ पर बढ़ते कब्जे के विरुद्ध नो वेंडर जोन बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की थी। चैंबर की मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला ने नई परियोजना लागू की है, जिसके तहत मालवीय रोड, जीई रोड और केके रोड पर अब ठेले, गुमटी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। प्रमुख तिराहों और चौराहों से 50 मीटर की दूरी तक नो पार्किंग जोन सख्ती से लागू होगा। रिंग रोड 1 पर अवैध पार्किंग के खिलाफ रोजाना विशेष अभियान चलाया जाएगा।

**पेज 09 का शेष**

## लक्ष्य पूर्ण होने के बाद भी निरंतरता...

वहीं, 349 केंद्रों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है, जिसे शीघ्र ही सभी केंद्रों तक विस्तारित किया जा रहा है। क्षेत्र के 493 स्कूलों में बालिकाओं के लिए पर्याप्त शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। प्रत्येक 40 छात्राओं पर एक शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। वहीं पशुधन स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी पिथौरा ब्लॉक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) टीकाकरण अभियान के तहत लक्षित 41, 250 गोवंश पशुओं में से 41, 324 पशुओं का टीकाकरण कर 100 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य प्राप्त किया गया है।

***प्रभारी सचिव ने आंगनबाड़ी एवं विद्यालय का किया निरीक्षण :*** जिले की प्रभारी सचिव निधि छिब्बर ने विभागीय समीक्षा बैठक के पश्चात आंगनवाड़ी केंद्र एवं विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लहरौद आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के पोषण स्तर, नियमित उपस्थिति, टीकाकरण की स्थिति, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था एवं रजिस्टर संधारण की समीक्षा की। साथ ही गर्भवती एवं धात्री माताओं को प्रदाय की जा रही पोषण सेवाओं की गुणवत्ता की जांच की। नवीन प्राथमिक विद्यालय लहरौद का निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया, शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली तथा शिक्षण कार्य की गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने मध्यान्ह भोजन योजना, छात्र उपस्थिति, पाठ्य सामग्री की उपलब्धता, स्वच्छता एवं आधारभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की। इसके अलावा गोड़बहाल में महिला समूहों द्वारा संचालित दुग्ध व्यवसाय एवं उनके द्वारा की जा रही गतिविधियों का अवलोकन किया तथा महिला समूहों से चर्चा कर आजीविका को बढ़ाने और मार्केटिंग की समुचित व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने, नियमित मॉनिटरिंग करने तथा सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों का पोषण एवं शिक्षा जिले की प्राथमिकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, एसडीएम बजरंग वर्मा, जनपद सीईओ, विकासखंड स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का प्रमाण-पत्र वितरित

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में तुमगांव इकाई के अंतर्गत मिडिल स्कूल पिरदा, अमावस, बेलटुकरी एवं कांपा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को इकाई प्रमुख पंथराम साहू एवं वरिष्ठ परिजन ध्रुवराम साहू द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। जिस पर संबंधित विद्यालयों के संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों ने हर्ष जताया। तत्पश्चात संध्या समय गायत्री प्रज्ञापीठ तुमगांव में वरिष्ठ परिजन ध्रुवराम साहू का जन्मदिवस संस्कार हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री माता के पूजन-अर्चना के साथ की गई तथा 80 दीप प्रज्वलित कर दीप यज्ञ हुआ। दीप यज्ञ के माध्यम से उपस्थित परिजनों ने दीपक की भांति स्वयं प्रकाशित होकर समाज एवं राष्ट्र के लिए श्रेष्ठ जीवन जीने का संकल्प लिया। साहू ने एक अच्छाई ग्रहण करने एवं एक बुराई त्यागने का संकल्प लिया। यह जानकारी पंथराम साहू ने दी है।

### भाजपा अजा मोर्चा कोमाखान मंडल के अध्यक्ष बने परमेश्वर



**नर्रा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन में अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डा.सनम जांगड़े के अनुमति व भारतीय जनता पार्टी जिला महासमुंद जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू की अनुशंसा से अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार सागर तथा नितिन जैन कोमाखान भाजपा मंडल अध्यक्ष की सहमति पर परमेश्वर सोनवानी को अनुसूचित जाति मोर्चा के कोमाखान मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

### भाजपा अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बने नंदू



**बागबाहरा।** भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा ने बागबाहरा शहर मंडल अध्यक्ष के पद पर पूर्व पार्षद नंदू सोनी को नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पूर्व पार्षद नंदू सोनी लंबे समय से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। शहर स्तर पर उनकी मेहनत और समर्पण से अनुसूचित जाति समाज के बीच पार्टी का आधार मजबूत हुआ। नई जिम्मेदारी मिलने से स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह है। कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में बागबाहरा मंडल में पार्टी की गतिविधियां नई ऊंचाइयों को छुएगी।

## निधन

### रविकांत बजाज



**महासमुंद।** स्थानीय बीटीआई रोड निवासी रविकांत बजाज (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे शशिकांत बजाज के बड़े भाई थे।

### ऑपरेटर व प्रभारी नदारद, ताले में बंद दफ्तर, करोड़ों का धान भगवान भरोसे

# धान खरीदी व्यवस्था बेपटरी, बड़ेसाजापाली-सलखंड उपार्जन केंद्र बने लावारिस गोदाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना





शासन की बहुचर्चित धान खरीदी व्यवस्था जमीनी स्तर पर किस कदर लापरवाही की भेंट चढ़ रही है, इसकी बानगी बड़ेसजापाली और सलखंड उपार्जन केंद्रों में साफ देखने को मिली। दोनों ही केंद्रों पर जिम्मेदारों की गैरमौजूदगी ने करोड़ों रुपए के धान को लावारिस हालत में छोड़ दिया है।

बड़ेसजापाली धान उपार्जन केंद्र में हालात यह रहे कि ऑपरेटर से लेकर खरीदी प्रभारी तक कोई मौजूद नहीं था। दोपहर करीब 2 बजे हमारे संवाददाता जब केंद्र पहुंचे तो पूरा परिसर सूना पड़ा मिला। केवल बुजुर्ग चौकीदार ही मौके पर दिखे, जिन्होंने बताया कि ऑपरेटर बाहर गए हुए हैं और खरीदी प्रभारी गणेश पटेल भी केंद्र पर नहीं हैं। प्रभारी से फोन पर तीन बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन हर बार फोन काट दिया गया। करोड़ों का धान केंद्र में रखा है, लेकिन निगरानी और जवाबदेही शून्य नजर आई। इसी तरह की, बल्कि उससे भी ज्यादा चिंताजनक स्थिति सलखंड उपार्जन केंद्र में देखने को मिली। यहां तो चौकीदार तक मौजूद नहीं थे। उपार्जन केंद्र का कार्यालय ताले में बंद मिला और पूरा परिसर वीरान नजर आया। खरीदी प्रभारी हरे कृष्ण बंजारे और ऑपरेटर दोनों ही नदारद पाए गए। करोड़ों रुपये का धान खुले में पड़ा है, लेकिन उसके संरक्षण की जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं।

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यदि इन केंद्रों में कोई अनहोनी घटना घटती है या अचानक प्रशासनिक जांच हो जाती है, तो जवाबदेही तय करने वाला कोई मौजूद नहीं है। सालखंड और बड़ेसजापाली के ये खरीदी केंद्र आज लावारिस गोदाम में तब्दील हो चुके हैं। स्थानीय किसानों और ग्रामीणों में इस स्थिति को लेकर भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि सरकार एक ओर पारदर्शी धान खरीदी की बात करती है, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी अपनी ड्यूटी से गायब हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर दोषी प्रभारी व कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि करोड़ों के धान और किसानों की मेहनत की फसल सुरक्षित रह सके।



## संतों के सत्संग से ही ज्ञान की होती है प्राप्ति : अमोही साहेब

**महासमुंद।** रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह के प्रथम दिन सभा हॉल में उपस्थित सत्संग प्रेमियों को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश बुरहानपुर कबीर निर्णय मंदिर से पधारे संत अमोही साहेब ने कहा कि मानव जीवन ज्ञान की भूमिका है और इसमें विवेक की जरूरत है। विवेक सत्य और असत्य को परखने की क्षमता रखता है। संतों के सत्संग से ही ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। इसलिए हमेशा ऋषि, मुनि, संतों से ज्ञान का आधार लेते रहना चाहिए। जीवन में इसकी जरूरत है। इसी तरह ढेठा धमतरी के कबीर आश्रम से पधारे संत बलवान साहेब ने कहा कि कबीर साहेब पूर्ण रूप से ज्ञानी महापुरुष थे। इसलिए सत्य के महत्व को पूरी तरह समझते थे। उन्होंने कहा कि मानव कल्याण के लिए सत्य का ज्ञान होना जरूरी है, कबीर साहेब ने जीवन भर सत्य की प्रचार के लिए काम किया और समाज में आदर्श मनुष्य का निर्माण किया। आयोजन 18 एवं 19 फरवरी को किया गया है। कबीर मंदिर के व्यवस्थापक जितेंद्र साहेब ने बताया कि 19 फरवरी को सुबह 10 से 2 तक प्रवचन उपरांत दोपहर 2:30 बजे महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में छग टीम से कंचन यादव ने जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




राजधानी रायपुर में आयोजित ऑल इंडिया राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में आदर्श हाईस्कूल आत्मानंद महासमुंद की कंचन यादव ने छत्तीसगढ़ टीम से फाइट में गोल्ड मेडल जीत कर महासमुंद और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। साथ ही उनका चयन 25 से 28 जून को मलेशिया में होने वाले इंटरनेशनल कराते प्रतियोगिता के लिए हुआ है। कंचन ने बताया कि प्रतियोगिता वर्ल्ड कराते फेडरेशन के मानक मापदंडों पर हुआ। जिसमें उनका मुकाबला असम, नागालैंड और महाराष्ट्र की टीम के साथ हुआ। कंचन यादव ने 39 किग्रा वजन वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। ग्राम बोरियाझर महासमुंद की गांव की रहने वाली कंचन यादव ने साबित कर दिया है कि मन में कुछ करने की ठान लो तो लक्ष्य तक पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता। कंचन यादव ने बताया कि उन्होंने अपने कराते करियर की शुरुआत 7 साल पहले की। लड़कियों के साथ हो रहे अत्याचार की घटनाओं को टीवी व पेपर में देखते हुए मास्टर नीलकंठ साहू से प्रेरणा लेकर कराते सीखने और लड़कियों को कराते सिखाने की ठानी और सुरक्षा के लिए गांव में रहने वाली लड़कियों को भी अब वह इस कला को सीखा रही है। ताकि, गांव की लड़कियां भी अपनी सुरक्षा स्वयं कर सके। कंचन ने बताया कि प्रशिक्षण देने की प्रेरणा उन्हें मास्टर नीलकंठ साहू से मिली है। उनके निर्देशन में सरकार की रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना द्वारा गांवों के सरकारी स्कूलों में कराते का प्रशिक्षण दे रही हैं। दस हजार लड़कियों को कराते सेल्फ डिफेंस सिखा कर आत्मनिर्भर बना चुकी हैं। इनकी जीत पर खेल मंत्री, कैबिनेट मंत्री, कलेक्टर, एसपी, इंटरनेशनल कराते मास्टर प्रदेश अध्यक्ष नीलकंठ साहू, शेखर साहू, खुशी साहू ने हर्ष जताया है।

## राज्य स्तरीय स्काउट-गाइड जिला संगठन आयुक्तों की समीक्षा बैठक में मेंबरशिप बढ़ाए जाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर में 17 फरवरी मंगलवार को आयोजित राज्य स्तरीय जिला संगठन आयुक्तों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा गोल्डी ने स्काउटिंग मेंबरशिप ग्रोथ पर जोर देते हुए कहा कि स्काउटिंग को गति प्रदान करने के लिए सदस्यता अभियान चलना होगा। ताकि, स्काउटिंग जन-जन तक पहुंच सके। बैठक में विशेष रूप से राज्य कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन की उपस्थिति रही। साथ ही जिलों के स्काउटिंग गतिविधियों को एजेंडा अनुसार वन-टू-वन समीक्षा की गई।

जिला संगठन आयुक्तों ने एक-एक कर शैक्षणिक सत्र 2024-25 एवं 2025-26 में प्राप्त अंशदान की जानकारी दी। राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने शत प्रतिशत शासकीय विद्यालयों से अंशदान राशि जमा करवाने कहा। स्वामी आत्मानंद विद्यालयों से भी अंशदान जमा करवाने निर्देशित किया गया। शासकीय विद्यालयों के साथ निजी विद्यालयों को भी अंशदान राशि जमा करने निर्देशित किया। राज्य मुख्य आयुक्त ने जिला संगठन आयुक्तों से ऑनलाइन यूथ मैनेजमेंट सिस्टम पर प्राथमिकता के साथ कार्य प्रगति लाएं। ओवायएमएस के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर या आईटी के जानकार लीडर्स एवं रोवर्स, रेंजर्स का सहयोग लेकर पूर्ण किया जाए। जिलों में सक्रिय लीडर्स की सूची के साथ सत्र 2024-25 एवं 2025-26 में बेसिक कोर्स प्राप्त स्काउटर गाइडर एवं उनके द्वारा संचालित यूनिट की जानकारी लिया गया। नए शैक्षणिक सत्र में बेसिक कोर्स के लिए कार्ययोजना बनाने कहा गया। जिला वार्षिक कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन की स्थिति, डिस्ट्रिक्ट मेंबरशिप ग्रोथ स्ट्रेटजी तथा जिले का मेंबरशिप ग्रोथ लक्ष्य, डिस्ट्रिक्ट डैशबोर्ड, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के शिविर व कार्यक्रमों में सहभागिता की स्थिति, सत्र 2024-25 एवं 2025-26 में जिले के आय व्यय की स्थिति पर भी चर्चा की गई। 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी तथा बालोद में आयोजित हुई प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी में सहभागिता को लेकर समीक्षा की गई।

राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने कमजोर प्रदर्शन करने वाले कुछ जिलों को कार्य में प्रगति लाने की हिदायत दी। खालसा ने जिला संगठन आयुक्तों से जिला स्तर पर में आ रही दिक्कतों और समस्याओं की जानकारी ली और उसे दूर करने आश्वस्त किया। जिला संगठन आयुक्तों की सामाजिक सुरक्षा को और बेहतर करने समिति गठन करने की बात कही गई। राज्य मुख्य आयुक्त ने कहा कि टीम वर्क के साथ स्काउटिंग को गुणवत्तापूर्ण तरीके से गति देना है, जिस पर देश में छतीसगढ़ की स्काउटिंग का अलग पहचान बन सके। बैठक का संचालन प्रभारी राज्य सचिव सरिता पांडेय ने किया। बैठक में संयुक्त राज्य सचिव बीना यादव, स्टेट कॉर्डिनेटर (मेंबरशिप ग्रोथ) मोहम्मद सादिक़ शेख़, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) अमित क्षत्रिय, राज्य संगठन आयुक्त द्वय पूनम साहू, जलवती साहू की प्रमुख रूप से उपस्थिति रही। यह जानकारी अवधेश विश्वकर्मा जिला संगठन आयुक्त के माध्यम से तुलेंद्र सागर जिला मीडिया प्रभारी ने दी है।

## कार्यशाला में उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में सम्मानित हुए प्रताप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला परियोजना अधिकारी महासमुंद नंदकिशोर सिन्हा, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा महासमुंद रेखराज शर्मा, डाइट प्राचार्य महासमुंद अरुण प्रधान, एपीसी संपा बोस, विद्या साहू की उपस्थिति में जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा महासमुंद में जिला स्तरीय कम्युनिटी मोबिलाइजेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विगत दिनों सामुदायिक सहभागिता से शासकीय प्राथमिक शाला पोड़ापाली का कायाकल्प करने वाले शिक्षक प्रताप नारायण दास का चयन उक्त कार्यशाला के लिए हुआ था। कर्तव्य के प्रति समर्पण, दृढ-इच्छाशक्ति और जन सहयोग से शासकीय स्कूल की दशा और दिशा बदलने वाले शिक्षक प्रताप नारायण दास को कार्यशाला में प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय कम्युनिटी मोबिलाइजेशन कार्यशाला 2026 में उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में चयनित एवं सम्मानित होने का श्रेय दास ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी सरायपाली टीसी पटेल के कुशल मार्गदर्शन, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक सरायपाली देवानंद नायक के निरंतर प्रोत्साहन एवं संकुल समन्वयक नवागढ़ खिरोद्र सोनी के अभूतपूर्व सहयोग को दिया है। दास ने इसके लिए उच्च अधिकारियों एवं इष्ट मित्रों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत जिले में होंगे विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां

**महासमुंद।** संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत जिले में 30 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित किया जा रहा है। इस संपूर्ण अभियान के लिए संबंधित विभाग प्रमुख नोडल अधिकारी होंगे। अभियान के तहत 30 जनवरी को सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित कर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं स्वच्छता संबंधी प्रमुख संकेतकों की पूर्ण जानकारी दी गई। इसी तरह 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कैंसर जांच, टीबी, मलेरिया एवं एनीमिया जांच, स्वास्थ्य परामर्श एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 11 फरवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सभी स्कूलों में बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसी तरह 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सभी स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में विज्ञान प्रदर्शनी एवं स्वच्छता, हाथ धुलाई एवं पोषण पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष पोषण अभियान, किशोरी बालिकाओं के लिए आयरन सप्लीमेंट एवं स्वास्थ्य परामर्श दिया जाएगा। 16 मार्च को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर सभी ग्राम पंचायतों में पशुपालन विभाग द्वारा प्शु टीकाकरण एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। 22 मार्च को विश्व जल दिवस पर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पीएचई विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी एवं विद्यालयों में पेयजल गुणवत्ता जांच एवं जल संरक्षण पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसी तरह 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में टीबी जांच शिविर एवं संदिग्ध मरीजों की पहचान एवं उपचार किया जाएगा। 7 अप्रैल विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सभी क्लस्टर में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर, एनीमिया जांच, पोषण परामर्श दिया जाएगा। वहीं 10 अप्रैल को राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर सभी ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास एवं जनपद पंचायत द्वारा मातृ स्वास्थ्य जांच, एनीमिया जांच, सुरक्षित प्रसव एवं पोषण परामर्श दिया जाएगा तथा 14 अप्रैल 2026 को डा. भीमराव अंबेडकर जयंती पर सभी ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास, शिक्षा, पंचायत एवं पशुपालन विभाग के समन्वय से स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं सामाजिक समरसता पर सामुदायिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## विदाई समारोह में छात्रों ने कहा, यह स्कूल हमारे लिए सिर्फ एक संस्थान नहीं, रहा है दूसरा घर

**महासमुंद।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम स्कूल सेजेस तुमगांव में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए एक भावुक और प्रेरणादायक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने स्कूल जीवन की यादों को साझा किया। जबकि, प्रधानाचार्य देवेंद्र अगलावे ने प्रेरक संबोधन दिया। समारोह में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं ने स्कूल की यादों को जीवंत करते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। छात्रों ने कहा, यह स्कूल हमारे लिए सिर्फ एक संस्थान नहीं, बल्कि दूसरा घर रहा है। यहां के शिक्षकों का मार्गदर्शन, दोस्तों की दोस्ती और हर छोटी-बड़ी घटना हमें जीवन भर याद रहेगी। हमने यहां न केवल किताबी ज्ञान प्राप्त किया, बल्कि जीवन के मूल्यों, अनुशासन और संघर्ष करने की कला भी सीखी। आज विदा होने का दुख है, लेकिन आगे बढ़ने की उत्सुकता भी है। प्रधानाचार्य देवेंद्र अगलावे ने अपने प्रेरक संबोधन में छात्रों को जीवन के महत्वपूर्ण पड़ाव पर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक-कर्मचारीगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिनमें एल कुरील, आईएल साहू, केआर साहू, सत्यदेव गेंद्रे, अश्विनी धीवर, तिलक शर्मा, कामता प्रसाद साहू, पवन कुमार डडसेना, रोहित लहरे, देवेश कुमार, ज्योति सिंह, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, गीतिका कौशिक, गीता पटेल, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, सागर झा, सत्यम पांडेय, लोकेश साहू, डोलेश होता, लक्ष्मी नारायण साहू, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा, भारती भार्गव, वेनिका लकरा, प्रियंका बारिहा आदि मौजूद रहे।



### चाकू लेकर घूमता युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** डीसीपी सेंट्रल जोन क्षेत्र के गंज थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत एक युवक के विरुद्ध कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को तेलघानी नाका चौक अंडरब्रिज के पास दीपक वर्मा 19 वर्ष निवासी ग्राम कुसमी थाना पलारी बलौदाबाजार हाल पता काठाडीह थाना टिकरापारा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बटनदार चाकू जब्त किया है। चाकू लेकर वह आम लोगों को डरा-धमका रहा था। पुलिस ने उसके विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

## होली पर्व पर शराब दुकान को खुले रखना शासन का दुर्भाग्यपूर्ण निर्णयः राशि



**महासमुंद।** छतीसगढ़ शासन द्वारा होली पर्व पर भी देशी विदेशी मंदिरा दुकानों को खुले रखे जाने का निर्णय बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। शासन के इस तुगलकी निर्णय से अपराध प्रकरणों में भारी बढ़ोतरी होगी। इस पर शासन को इस मसले पर पुनर्विचार कर अविलंब उक्त दिन में शराब दुकानों को बंद करने का आदेश जारी करें। उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की समन्वयक राशि त्रिभुवन महिलांग ने विज्ञप्ति में कही।

महिला कांग्रेस नेत्री महिलांग ने आगे कहा कि पूर्व की अनेक सरकारों ने होली पर्व पर शांति व्यवस्था कायम रखने प्रदेश की शराब दुकानों को होली पर्व के अनेक घंटों पूर्व ही बंद करा देती थी, जिससे प्रदेश की जनमानस शांति पूर्ण व उल्लास प्रेम भाईचारे से होली जैसा पावन पर्व मना सके। इसके ठीक विपरीत वर्तमान समय में प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा की साय सरकार ने अपने अजीबोगरीब व तुग़लकी निर्णय लेते हुए पर्व में भी शराब दुकानों को हर दिन की तरह खोले जाने का निर्णय लिया है, जो प्रदेश की शांति व्यवस्था को चोट करने का प्रयास कहा जा सकता है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मितानिनों ने खिलाई फाइलेरिया की दवा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में घर-घर जाकर मितानिनों फाइलेरिया की दवा खिलाई। यह दवा उम्र एवं वजन अनुसार दी जा रही है। खरोरा के स्कूल बच्चों को दवा खिलाई गई। इसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, लता चंद्राकर, संतोषी पटेला, हीराबाई चंद्राकर आदि का सहयोग रहा।



### चांदनी ब्लॉक में तृतीय, लीसा विद्यालय स्तर पर प्रथम

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द के 38 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। परीक्षा में चांदनी साहू (कक्षा दसवीं) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें महासमुंद में आयोजित ब्लॉक स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय स्तर पर कक्षा नवमी की छात्रा लीसा साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय डिगेश्वरी पटेल तथा तृतीय चांदनी साहू रही। सभी विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शांतिकुंज हरिद्वार से प्राप्त प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रों की उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य भारत साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदरलाल साहू एवं समिति के सभी सदस्यों ने हर्ष जताया है।

### प्रेमलाल शर्मा का निधन



**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर राम मंदिर पारा निवासी सेवानिवृत्त लेखापाल प्रेमलाल शर्मा (63) का देहांत 14 फरवरी शनिवार को हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे उषा शर्मा के पति, सतीश शर्मा के पिता व संतोष शर्मा के मंझले भाई, विजय शर्मा के बड़े भाई थे।

**आयोजन :** सशिमं में प्रांतीय सप्तशक्ति संगम समापन समारोह का आयोजन

# 'संस्कृति को बचाकर रखना है, तभी अपने बच्चों को इस संस्कार दे पाएंगे'

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रांतीय सप्त शक्ति संगम समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा (विद्यालय की पूर्व छात्रा), विशिष्ट अतिथि के रूप में सरिता साहू (उपाध्यक्ष सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर), संध्या शर्मा (जिला संयोजिका सप्तशक्ति संगम एवं आदर्श शिक्षा मंडल समिति के उपाध्यक्ष), शोभा दुबे (प्रांतीय सदस्य) एवं कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मीना नसीने (रायपुर) उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती ओम एवं भारत माता के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पण, तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया किया गया। इसके उपरांत अतिथि परिचय सप्त शक्ति संगम के प्रांतीय सदस्य आचार्या मनोज साहू द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के सप्त शक्ति संगम के सदस्य आचार्या दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर, आचार्या साक्षी घोड़ेचोरे व ओम कुमारी साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित शोभा दुबे ने कहा कि यह संगम इस बात पर जोर देता है कि सशक्त परिवारों का निर्माण माताओं को सशक्त बनाकर ही किया जा सकता है। माताएं अपने परिवार से शुरू होकर राष्ट्र तक सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करती।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि माता-बहनों के लिए इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए, जिससे उन्हें अपने कर्तव्यों का बोध होते रहेगा। मुझे आज इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया, इसके लिए मैं सदा आभारी रहूंगी।

### अच्छा संस्कार अगर कोई देने वाली है तो वह मां है

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मीना नशीने ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मेलन जो चल रहा है, देश में इसका उद्देश्य नारी शक्ति को जागृत करना है, उसे ऊंचा उठाना है, जो हमारी संस्कृति है वह सिद्धांत पर आधारित है। सिद्धांत पर पूरा विश्व आधारित है, अच्छा संस्कार अगर कोई देने वाली है तो वह मां है। मां ही अपने बच्चों को अच्छा संस्कार देकर आज महापुरुष एवं नेक व्यक्ति बनाए हैं। हमें अपने संस्कृति को बचा कर रखना है, तभी हमें अपने भविष्य में अपने बच्चों को इस संस्कार दे पाएंगे। आज नारी नारायणी बनकर हर क्षेत्र में सेवा दे रही है, चाहे वह घर हो, चाहे किसी भी कार्यक्षेत्र में हो। सभी क्षेत्रों में देश का नाम रोशन कर रही है। विशिष्ट अतिथि सरिता साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में देखा जाए तो महिलाओं को घर में सुख-शांति नहीं मिल पा रही है। ज्यादातर महिलाएं अंधविश्वास के कारण सही दिशा में अग्रसर नहीं हो पा रही है। कहीं ना कहीं धर्म का सम्मान नहीं हो पा रहा है। यदि आप अपने धर्म का सम्मान करते हैं, तो दूसरों के संघर्षों से बचने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। महिलाएं असमानता, अशिक्षा और निर्णय नहीं लेने की क्षमता के कारण समाज की दिशा में सशक्त नहीं हो पा रही हैं। इस अवसर पर उनके द्वारा उनके द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं को संस्कृति संरक्षण परंपरा सामाजिक समरसता, राष्ट्र निर्माण, पर्यावरण, परंपरा, संरक्षण, आत्मनिर्भर होने के लिए संकल्प दिलाया गया। इस सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में 150 माता बहनों एवं नारी शक्तियों की उपस्थिति रही। अंत में संध्या शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संचालन विद्यालय की छात्रा खुशी निषाद ने किया। कार्यक्रम में देवनारायण साहू (संगठन मंत्री सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर), मोहन राव पवार (प्रांत प्रभारी सप्त शक्ति संगम), कुबेर गिरी गोस्वामी (प्राचार्य देव संस्कृति विद्यालय महासमुंद), भरत साहू, देवराज वर्मा (विद्यालय के प्राचार्य) एवं विद्यालय के समस्त आचार्य/ दीदी उपस्थित थे।

# पीएम आवास योजना में भ्रष्टाचार गरीब हितग्राहियों के अधिकार पर कुठाराघात

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- पहले से निर्मित पक्के मकानों को पीएम आवास दर्शाकर निकाली जा रही राशि

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने पीएम आवास के नाम शासन-प्रशासन द्वारा लूटी जा रही वाहवाही को जमीनी हकीकत के विपरीत बताते हुए भाजपा सरकार के कृत्य को जनविरोधी कहा है। चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद जिले को पीएम आवास पूर्णता में द्वितीय स्थान मिलने और राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने के बावजूद, जमीनी हकीकत इन दावों के विपरीत नज़र आ रही है। अधूरे मकानों को कई जगहों पर रोजगार सहायकों और सचिवों ने बिना छत या प्लास्टर के ऑनलाइन पोर्टल पर पूर्ण बताकर सरकारी राशि निकाल ली है, जबकि लोग आज भी कच्चे घरों में रहने को मजबूर हैं। इसके अलावा लाभार्थियों ने सरपंच और सचिवों पर पैसे मांगने के आरोप लगाए हैं। पात्र हितग्राही अपना मकान पाने के लिए भटक रहे हैं। जबकि, अनेक जगहों पर पहले से बने मकानों को पीएम आवास बताकर राशि निकाली जा रही है, जिससे पात्र हितग्राही इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं।



पूर्व संसदीय सचिव ने बताया कि इस योजना में सबसे ज्यादा गड़बड़ी जिला महासमुंद में ही हुआ है। 2 हितग्राहियों के प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा निकालकर एक ही आवास बनाए गए हैं। योजना के मापदंड का पालन कहीं भी नहीं हो रहा है, कई ग्रामों के ग्राम सभाओं में भी आम जनता द्वारा आपत्ति दर्ज करायी गई है। पहली किश्त हितग्राहियों को देकर दूसरी किश्त देना सरकार भूल जा रही है, जिससे हितग्राहियों द्वारा पुराने मकान को तोड़कर केवल दीवार ही खड़ी किये हैं। स्वयं हितग्राही खुले आसमान में सोने को मजबूर हैं। इसी कारण बहुतायत पीएम आवास अधूरे पड़े हैं। चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद जिले में प्रधानमंत्री आवास क्रियान्वयन एजेंसी के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा बिना सत्यापन के पात्र हितग्राही बताया जा रहा है, जबकि जिन्हें पात्र बताया गया है, उनके पहले से पक्के मकान बने हुए हैं।

इसी तरह हितग्राहियों के पूर्व से निर्मित मकान को पीएम आवास कागजों में दर्शाकर पीएम आवास की राशि ले रहे हैं। कितनी ऐसी शिकायतें लगातार मिल रहीं हैं, कि जो वास्तव में कच्चे मकान या बेघर हैं, उन्हें पात्र न बताकर 10-15 हजार रुपए आर्थिक लाभ लेकर पक्के मकान निर्मित एवं पूर्व से निर्मित मकान को पीएम आवास मकान दर्शाकर राशि का आहरण किया जा रहा है। इस तरह के भ्रष्टाचार के कारण पात्र हितग्राही पीएम आवास योजना से वंचित हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार जीरो टॉलरेंस की बात कर रही है, लेकिन उन्हीं के अधिकारी कर्मचारी खुलेआम गरीबों के लिये बनी योजना प्रधानमंत्री आवास में खुलेआम भ्रष्टाचार कर रहे हैं। चंद्राकर ने कहा प्रधानमंत्री आवास प्लस का सर्वे किया गया है, जिसका सत्यापन यदि सही तरीके से नहीं किया गया तो पूर्व से बने पक्के मकान धारकों का भी नाम शामिल किया गया है। इसका पुनः ग्रामों में जाकर सही तरीके से सत्यापन किया जाना आवासहीन व्यक्तियों के हित में होगा। अन्यथा पूर्व की भांति पहले से बने पक्के मकान के मालिक ही पुनः पीएम आवास प्लस योजना के हितग्राही बन जाएंगे, पीएम आवास प्लस योजना से इन्हीं का अतिरिक्त मकान निर्मित किया जायेगा। पात्र एवं आवासहीन व्यक्ति पीएम आवास योजना से वंचित हो जाएंगे।

# जन आरोग्य समिति व पंचायत प्रतिनिधियों का हुआ दो दिवसीय स्वास्थ्य प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम पंचायत अचानकपुर में जन आरोग्य समिति के सदस्यों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के लिए दो दिवसीय स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी को जमीनी स्तर तक पहुxचाना है। प्रशिक्षण के पहले दिन ग्राम के आयुष्मान आरोग्य मंदिर से जुड़ी जन आरोग्य समिति के सदस्यों को स्वास्थ्य शिक्षा, प्रचार-प्रसार एवं शासन द्वारा उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को आयुष्मान भारत योजना, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, रोकथाम एवं समय पर उपचार के महत्व पर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ पंचायत को स्वस्थ पंचायत के रूप में विकसित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु, कुपोषण, मानसिक स्वास्थ्य एवं समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था में ग्राम पंचायत अचानकपुर के सरपंच ऋषि चौधरी एवं सचिव रामकुमार नायक का विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण में पीएचसी सिरपुर प्रभारी वीरेंद्र कुमार नायक सहित सीएचसी रायतुम, जलकी, अचानकपुर क्षेत्र की जन आरोग्य समिति द्वारा सक्रिय सहभागिता निभाई गई। दूसरे दिन के प्रशिक्षण में जलकी सरपंच सरिता दीवान, छपोराडीह सरपंच सोनिया रमन, बंदोरा सरपंच हीरालाल निषाद, उपसरपंच भानु प्रताप पटेल, उपसरपंच जलकी गोल्डी साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सहयोग किया। प्रशिक्षण में जिला समन्वयक जागृति बरेठा, प्रशिक्षक देवकी साहू, चारू दीवान एवं एसपीएस हेमवती द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# गोंड समाज के वार्षिक अधिवेशन में शरीक हुए तुषार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन गाड़ाघाट में हुआ।

अधिवेशन में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। तुषार ने कहा कि आदिवासी समाज इस धरती पर बसने वाला सबसे पुराना समाज है, जो अनादि काल से चला आ रहा है। यह समाज अपने धर्म, संस्कृति और परंपराओं के लिए जाना जाता है। शासन लोगों को हरसंभव मदद करने के लिए तत्पर है, किंतु वास्तव में समाज तभी जागरूक और आत्मनिर्भर होगा जब वह खुद के सद्प्रयासों और कोशिशों से अपनी छोटी-मोटी जरूरतें पूरा करने के काबिल बने और अन्य समाज के लिए भी उदाहरण बनें। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का वार्षिक अधिवेशन/सम्मेलन जैसे कि ध्रुव गोंड समाज का परिक्षेत्र स्तरीय कार्यक्रम, आमतौर पर सामाजिक समरसता, अपनी अनूठी संस्कृति, पारंपरिक विरासत के संरक्षण और अधिकारों (जल-जंगल-जमीन) की सुरक्षा के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। ये अधिवेशन छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में जनजातीय गौरव, एकता और समाज के उत्थान (शिक्षा/विकास) को मजबूत करने के लिए वर्ष में एक बार आयोजित होते हैं।



### आदर्श विवाह हुआ

समाज के बुजुर्गों, युवक-युवतियों और छात्र-छात्राओं का सम्मान शॉल, फल तथा प्रशस्ति-पत्र भेंट किया। इस मौके पर आदिवासी ध्रुव गोंड समाज द्वारा गाड़ाघाट निवासी रितु ध्रुव व मोखला निवासी तिलक ध्रुव का आदर्श विवाह कराया गया। इस अवसर भाजपा युवा मोर्चा के शुभम बाग, परिक्षेत्र अध्यक्ष भुवनेश्वर ध्रुव, उपाध्यक्ष डोमार ध्रुव, सलाहकार समारु ध्रुव, उपाध्यक्ष शिव ध्रुव, संचालक संतोष ध्रुव, सहसचिव मनहरण ध्रुव, सचिव रामजी ध्रुव, संरक्षक सहदेव ध्रुव, पूर्व सरपंच हरिश्चंद्र ध्रुव, कोषाध्यक्ष गोपाल ध्रुव मौजूद रहे।

# देश सेवा के बाद मोतीराम अब नाचा गम्मत के माध्यम से दे रहे सामाजिक जागरुकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

- 1992 में इंडियन आर्मी में पदस्थ होकर 2018 तक सेवा की



ऐसे व्यक्तित्व के बारे में बताने जा रहे हैं जो देश सेवा करने के बाद अब सामाजिक जागरूकता लाने में अपना योगदान दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश के महासमुंद जिले के विकासखंड बागबाहरा के ग्राम मोंगरापाली निवासी मोतीराम पटेल ने साल 1992 में वह इंडियन आर्मी में पदस्थ होकर साल 2018 तक सीमा सुरक्षा में तैनात रहकर देश की सेवा की। इसके बाद आज समाज सेवा सहित नाचा गम्मत के माध्यम से स्वस्थ मनोरंजन करने के साथ साथ सामाजिक जागरुकता का संदेश देने का कार्य कर रहे है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी ने बताया कि मोतीराम पटेल महान व्यक्तित्व के धनी एवं सच्चे देशभक्त के साथ साथ एक अच्छे लोक कलाकार भी हैं, जिन्होंने सीमा में देश की रक्षा करने के पश्चात सेवानिवृत्त होने के बाद चाहते तो कोई भी अन्य शासकीय नौकरी कर सकते थे। किंतु, उन्होंने देश भक्ति का जुनून एवं समाज सेवा की भावना सहित समाज में रहकर सामाजिक विसंगतियों एवं सामाजिक बुराइयों सहित सामाजिक जागरुकता के उद्देश्यों को लेकर वह छत्तीसगढ़ प्रदेश के अनमोल धरोहर छत्तीसगढ़ की संस्कृति लोक विधा नाचा गम्मत भूले बिसरे नामक संस्था बनाकर 16 से 20 कलाकारों को जोड़कर कलाकारों को रोजगार मुहैया कराते हुए मंच में स्वयं भूमिका अदा कर रहे हैं, जो बहुत ही सराहनीय है। मोतीराम पटेल छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ जिला इकाई महासमुंद के कोषाध्यक्ष पद पर आसीन हैं, वह हमारे संघ का मार्गदर्शन और विलुप्त हो रहे नाचा गम्मत लोक विधा के संरक्षण संवर्धन के लिए सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

# डोकरपाली में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय रामायण का समापन

## कार्यक्रम में छग के मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना

आदर्श ग्राम पंचायत डोकरपाली में आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय रामायण कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी व अध्यक्ष अखिल भारतीय कंवर समाज केंद्रीय कार्यालय पम शाला जिला जशपुर कौशल्या देवी साय की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में कौशल्या देवी साय ने अपने उद्बोधन में भगवान राम के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रामायण भारतीय संस्कृति, मर्यादा, कर्तव्य परायणता और आदर्श जीवन का प्रेरणास्रोत हैं, उन्होंने समाज में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा को हम सभी का दायित्व बताया। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि किसी भी प्रकार की प्रलोभन, दबाव या छल के माध्यम से होने वाला धर्मांतरण समाज में नहीं होना चाहिए, इसीलिए समाज को जागरूक एवं संगठित रहना आवश्यक है।



कार्यक्रम में आयोजक समिति डोकरपाली के अध्यक्ष वासना प्रसाद दीवान, उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद दीवान, सचिव थनवार निषाद, सहसचिव चुम्मन यादव, कोषाध्यक्ष घनश्याम यादव, संरक्षक हीरासिंह दीवान, विजय देवांगन, केशोराम दीवान, दिनेश देवांगन, डुमेश देवांगन, ओम सेन, जीवराखन साहू, बजरंग अग्रवाल, चोपन दीवान, मेघराज निषाद, नोहर दीवान, महेंद्र दीवान, बिहारी दीवान, लीलांबर राजपूत, नारद राजपूत, हीराधर दीवान, गजानंद दीवान, भुवन यादव, टेकराम दीवान, भागीरथी निषाद, दुकालू विश्वकर्मा, कोमल दीवान, दयाराम दीवान, लेखराम यादव, एवं संचालक मिथलेश कौशिक, भारत दीवान, कुलेश्वर निर्मलकर, प्रेरणा मित्र मंडल किशोर कुमार दीवान, कांताराम दीवान, एसकुमार दीवान, अनिल राजपूत, हुलेश दीवान, तोरण दीवान, रेशकुमार दीवान, केदार दीवान, चुम्मन दीवान, नरोत्तम दीवान, हेमकुमार दीवान, गीतेश्वरी दीवान, एसकुमारी दीवान, ईश्वरी दीवान, एनाकुमारी दीवान का योगदान रहा।

**आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तुमाडबरी में वार्षिकोत्सव का आयोजन**

# वार्षिकोत्सव में कर्मा नृत्य ने दर्शकों का मनमोह लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नयापारा में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर संस्कृति उत्साह, रचनात्मकता एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा झलकी।

कार्यक्रम में गीत, भाषण, नृत्य एवं नाटक जैसी विविध सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रस्तुति गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नगर पालिका महासमुंद अध्यक्ष निखिलकांत साहू, जिला अध्यक्ष भाजपा/भारत स्काउट गाइड जिला महासमुंद येतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सरपंच ग्राम पंचायत परसदा पीतांबर ध्रुव, भाजपा महामंत्री शहर मंडल मीना वर्मा, सांसद प्रतिनिधि महासमुंद गोपाल वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद विजय कुमार लहरे सहित नागरिकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वरण के साथ हुआ। पश्चात प्राचार्य अमी रूफस ने संबोधित किया।



सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में छत्तीसगढ़ी, हिंदी, अंग्रेजी को प्राथमिकता देते हुए विविध भाषाओं में अंग्रेजी, बंगाली, छत्तीसगढ़ी, राजस्थानी, संबलपुरी, साउथ इंडियन के गीतों पर आधारित एकल, युगल एवं समूह नृत्य प्रस्तुत किए गए, अंग्रेजी भाषण एवं गायन प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का मनमोह लिया।

अंत में विशेष प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्राचार्य अमी रूफस द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कक्षा दसवीं रूपाली सिन्हा 97 प्रतिशत, अनामिका साहू 92 प्रतिशत, कक्षा बारहवीं गणित में माही सोनकर 89 प्रतिशत, विज्ञान कुमकुम साहू 92 प्रतिशत, वाणिज्य चित्रभान पटेल 88.40 प्रतिशत, कक्षा 9वीं चंचल साहू 95 प्रतिशत, दिशा देवांगन 91 प्रतिशत, मुस्कान पटेल 83 प्रतिशत, ग्यारहवीं गणित सृष्टि साहू 94 प्रतिशत, विज्ञान प्रेरणा साहू 94 प्रतिशत, वाणिज्य मोक्षदा सागर 88 प्रतिशत, 100 प्रतिशत उपस्थिति में जागृति साहू, कुलेश्वरी साहू, चंचल साहू, वत्सला गिरी गोस्वामी, प्रियंका कंसारी, ओजस्वी कन्नौजे, स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर चाहत चंद्राकर, ओजस्वी कन्नौजे, बेस्ट एनसीसी कैडेट वीर कोसरे, आयशा बेगम। सांस्कृतिक गतिविधि में शिक्षिका नेहा दुबे टीम को विगत तीन वर्षों से जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम आने पर विशेष पुरस्कार प्रदान दिया गया। अंत में नागरिकों से कार्यक्रम तथा वार्षिक गतिविधियों के लिए राय लिया गया।

जिसमें नागरिकों ने कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता केआर सागर, ओपी देवांगन, गोसाई राम टांडेकर, प्रियंका पीटर, हरीश पांडेय, कृति थवाईत, रूपा पांडेय, मदनलाल कौशिक मौजूद रहे।

